भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1861
गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम बंगाल में उड़ान योजना का कार्यान्वयन

1861. श्री राजू बिष्ट:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि तक पश्चिम बंगाल में उड़ान योजना के अंतर्गत कितने हवाई मार्ग संचालित हो रहे हैं;

(ख) उक्त योजना के तहत कितने विमानपत्तनों और गंतव्यों को कवर किया गया है;

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान उक्त राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत कुल कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत उड़ान नियमितता और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के तहत, पश्चिम बंगाल में अब तक 40 मार्गों को कार्यशील किया जा चुका है, जिनमें से वर्तमान में 28 मार्ग (वाणिज्यिक मार्गों सहित) कार्यशील हैं। इनसे जुड़े हवाईअड्डों/गंतव्यों सहित इन 28 मार्गों की सूची अनुलग्नक-क में है।

(ग): योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में हवाईअड्डों के विकास के लिए आवंटित और प्रयुक्त की गई धनराशि का विवरण अनुलग्नक-ख में दिया गया है।

(घ): उड़ान नियमितता सुनिश्चित करने में परिचालन संबंधी चुनौतियों की पहचान करने के लिए, सरकार एयरलाइनों सहित सभी हितधारकों के साथ आवधिक समीक्षा करती है। मौसम और दृश्यता से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए सरकार स्पेशल विजुअल फ्लाइट रूल्स (वीएफआर), इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स (आईएफआर) और अपेक्षित नेविगेशन परफारमेंस (आरएनपी) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपना रही है। इसके अलावा, मार्ग को अवार्ड करने से पूर्व एयरलाइन द्वारा समय पर प्रचालन हेतु व्यावसायिक योजनाएं प्रस्तुत करना आवश्यक है।

अनुलग्नक-क

पश्चिम बंगाल में कार्यशील (वाणिज्यिक मार्गों सहित) आरसीएस-उड़ान मार्ग

क्र. सं.	प्रस्थान	आगमन
1.	कोलकाता	लीलाबाड़ी
2.	लीलाबाड़ी	कोलकाता
3.	कोलकाता	जोरहाट
4.	जोरहाट	कोलकाता
5.	कोलकाता	झारसुगुडा
6.	झारसुगुडा	कोलकाता
7.	दुर्गापुर	मुंबई
8.	मुंबई	दुर्गापुर
9.	दुर्गापुर	चेन्नई
10.	चेन्नई	दुर्गापुर
11.	कोलकाता	झारसुगुडा
12.	झारसुगुडा	कोलकाता
13.	कोलकाता	अमृतसर
14.	अमृतसर	कोलकाता
15.	कोलकाता	शिलांग
16.	शिलांग	कोलकाता
17.	कोलकाता	देवघर
18.	देवघर	कोलकाता
19.	कोलकाता	जमशेदपुर
20.	जमशेदपुर	कोलकाता
21.	कूचबिहार	कोलकाता
22.	कोलकाता	कूचबिहार
23.	कोलकाता	रूपसी
24.	रूपसी	कोलकाता
25.	कोलकाता	पूर्णिया
26.	पूर्णिया	कोलकाता
27.	कोलकाता	पूर्णिया
28.	पूर्णिया	कोलकाता

अनुलग्नक-ख

योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में हवाईअड्डों के विकास के लिए आवंटित और प्रयुक्त धनराशि

क्र.सं.	**हवाईअड्डा**	**आवंटित बजट (करोड़ रुपये में)**	**दिनांक 31.10.2025 तक व्यय (करोड़ रुपये में)**
1.	बर्नपुर	22.81	22.81 *(विकास कार्य चल रहा है)*
2.	दुर्गापुर (अंदल)	3.11	3.11
3.	कूचबिहार	11.00	11.00
	कुल	**36.92**	**36.92**

*****